# बहुआयामी प्रतिभा से दर्शकों के बीच बनाई विशिष्ट पहचान



बॉलीवुड इंडस्ट्री में गुरूदत्त को एक ऐसे बहुआयामी कलाकार के तौर पर जाना जाता है, जिन्होंने फिल्म निर्माण निर्देशन, नृत्य निर्देशन और अभिनय की प्रतिभा से दर्शको को अपना दीवाना बनाया.

09 जुलाई, 1925 को कर्नाटक के बेंगलूरु शहर में एक मध्यम वर्गीय बाह्मण परिवार में जन्में गुरूदत्त (वसंत कुमार शिवशंकर राव पादुकोण) का रुझान बचपन के दिनों से ही नृत्य और संगीत की तरफ था. उनके पिता शिवशंकर पादुकोण एक स्कूल मे हेड मास्टर थे, जबकि उनकी मां भी स्कूल में ही शिक्षिका थीं. गुरूदत्त ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कोलकाता (तब कलकत्ता) शहर में रहकर पूरी की. परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से उन्हें मैट्रिक के बाद अपनी पढ़ाई छोड़ देनी पड़ी.

संगीत के प्रति अपने शौक को पूरा करने के लिए गुरूदत्त ने अपने चाचा की मदद से पांच वर्ष के लिए छात्रवृत्ति हासिल की और अल्मोड़ा स्थित उदय शंकर इंडिया कल्चर सेंटर में दाखिला ले लिया, जहां वह उस्ताद उदय शंकर से नृत्य सीखा करते थे.

इस बीच गुरूदत्त ने टेलीफोन ऑपरेटर के रूप में भी एक मिल में काम भी किया. उदय शंकर से पांच वर्ष तक नृत्य सीखने के बाद उन्होंने पुणे के प्रभात स्टूडियो में तीन वर्ष के अनुबंध पर बतौर नृत्य निर्देशक शामिल कर लिए गए. वर्ष 1946 में उन्होंने प्रभात स्टूडियो की निर्मित फिल्म %हम एक हैं% से बतौर कोरियोग्राफर अपने सिने कैरियर की शुरुआत की. इस बीच, गुरूदत्त को प्रभात स्टूडियो की निर्मित कुछ फिल्मों में अभिनय करने का मौका भी मिला.

प्रभात स्टूडियो के साथ किए गए अनुबंध की समाप्ति के बाद वह अपने घर मांटूगा लौट आए. इस दौरान, वह छोटी छोटी कहानियां लिखने लगे जिसे वह छपने के लिए प्रकाशक के पास भेज दिया करते थे.

इसी दौरान उन्होंने %प्यासा% की कहानी भी लिखी, जिस पर उन्होंने बाद मे फिल्म भी बनाई. वर्ष 1951 में प्रदर्शित देवानंद की फिल्म %बाजी% की सफलता के बाद गुरूदत्त बतौर निर्देशक अपनी पचान बनाने में कामयाब हो गए. इस फिल्म के निर्माण के दौरान उनका झुकाव गायिका गीता राय की ओर हो गया और वर्ष 1953 में गुरूदत्त ने उनसे शादी कर ली.



## 'स्पेशल ऑप्स 2' 18 जुलाई से सिर्फ जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम

स्पेशल ऑप्स' का बहुप्रतीक्षित दूसरा सीज़न अब 18 जुलाई से जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा.

इस शो में के. के. मेनन एक बार फिर रॉ अधिकारी हिम्मत सिंह के किरदार में वापसी कर रहे हैं, एक ऐसा अफसर जो जंग लड़ता है, लेकिन सीमाओं पर नहीं, बल्कि डिजिटल दुनिया की छाया में. उनकी अगुवाई में स्पेशल टीम इस बार उस दुश्मन का सामना करेगी जो दिखाई नहीं देता, लेकिन हर जगह मौजूद है.

'स्पेशल ऑप्स 2' की कहानी आज के अनिश्चित वैश्विक माहौल में बुनी गई है. अब लड़ाई सिर्फ बंदूक़ों या बॉर्डर पर नहीं होती — ये क्लाउड में लड़ी जा रही है, और दुश्मन हमारे आस-पास की आम ज़िंदगी में ही छिपा है. जब संगठित साइबर हमले देश की नींव हिलाने लगते हैं, तब हिम्मत सिंह और उनकी टीम एक ऐसी जंग में उतरती है जो बिना चेतावनी, बिना धुएं और बिना किसी सुराग के लड़ी जाती है ,लेकिन इसका असर पूरे देश को झकझोर देता है.

शिवम नायर के निर्देशन में बनी इस सीरीज़ में प्रकाश राज, विनय पाठक, ताहिर राज भसीन, करण टैकर, सैयामी खेर, मुज़म्मिल इब्राहिम, गौतमी कपूर, परमीत सेठी और काली प्रसाद मुखर्जी जैसे मंझे हुए कलाकार शामिल हैं, जो अपने-अपने किरदारों के ज़रिए कहानी को और ज़्यादा प्रभावशाली बनाते हैं.

के. के. मेनन ने अपने किरदार के बारे में कहा, हिम्मत सिंह कोई सुपरहीरो नहीं है, वह लाइमलाइट में नहीं रहता, बल्कि खामोशी से अपना फर्ज निभाता है. इस बार की लड़ाई चुपचाप है, लेकिन कहीं ज़्यादा खतरनाक भी. हर फैसला भारी पड़ सकता है.


## वॉर 2 की शूटिंग पूरी होने पर भावुक हुए ऋतिक रोशन

**बॉलीवुड** के एक्शन स्टार ऋतिक रोशन फिल्म वॉर 2 की शूटिंग पूरी होने पर भावुक हो गये.

ऋतिक रोशन इन दिनों आने वाली फिल्म 'वॉर 2' को लेकर चर्चा में हैं. ऋतिक रोशन ने बताया कि फिल्म वॉर 2 की शूटिंग पूरी हो चुकी है.

ऋतिक रोशन ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की, जिसमें वह 'वॉर 2' की पूरी टीम के साथ केक काटते नजर आ रहे हैं. ऋतिक ने कैप्शन में लिखा, 149 दिन का एक्शन, डांस, पसीना, खून, चोटें और मेहनतज् और ये सब इसके लायक था.

ऋतिक ने लिखा कि जूनियर एनटीआर के साथ काम करना सम्मान की बात रही, वहीं, कियारा आडवाणी के बारे में उन्होंने कहा आपका घातक पक्ष दुनिया को दिखाने का इंतजार नहीं हो रहा. उन्होंने निर्देशक अयान मुखर्जी को भी धन्यवाद कहा और कहा कि इस फिल्म को दर्शकों तक पहुंचाने की यात्रा अब शुरू हो चुकी है. ऋतिक ने बताया कि 'वॉर 2' 14 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.



## आदित्य और श्रद्धा ने की सैयारा के ट्रेलर की तारीफ

बॉलीवुड स्टार आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर ने सैयारा के ट्रेलर की तारीफ की है. आशिकी 2 की प्रतिष्ठित जोड़ी आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर ने यशराज फिल्म्स की आगामी रोमांटिक फिल्म %सैयारा% के ट्रेलर को लेकर उत्साह व्यक्त किया है. इस फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी ने किया है और निर्माण अक्षय विधानी ने किया है. इसमें दो नए चेहरे नजर आएंगे.अहान पांडे, जो इस फिल्म से अपना डेब्यू कर रहे हैं, और अनीत पड्डा, जिन्होंने बिग गर्ल्स डोंट क्राई के ज़रिए पहले ही दर्शकों का ध्यान खींचा है.



आदित्य रॉय कपूर ने ट्रेलर को अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए लिखा,लेट्स गो मोहित !


श्रद्धा कपूर ने भी मोहित और नए ऑन-स्क्रीन कपल को अपना समर्थन देते हुए लिखा,मोहित मैजिक सूरी ने फिर कर दिखाया है. क्या ट्रेलर है ! जो आशिकी 2 ने मेरे लिए किया, ऐसा लगता है वही अब अनीत पड्डा और अहान पांडे के लिए करेगा.

## महावतार नरसिम्हा का ट्रेलर रिलीज

क्लीम प्रोडक्शंस की फिल्म महावतार नरसिम्हा का ट्रेलर रिलीज हो गया है. होम्बले फिल्म्स प्रस्तुत महावतार नरसिंह के ट्रेलर में भारतीय इतिहास की एक महत्वपूर्ण कथा को भव्य अंदाज़ में पेश किया गया है.

निर्माता शिल्पा धवन ने कहा, अब दहाड़ने का वक़्त आ गया है! पूरे पांच साल की मेहनत के बाद हम श्री नरसिम्हा और श्री वराह की महागाथा दुनिया के सामने लाने को तैयार हैं. हर एक फ्रेम, हर एक पल, हर एक धड़कन इस दिव्य कहानी को ज़िंदा करने में लगी है. तैयार हो जाइए एक ऐसे विज़ुअल मास्टरपीस के लिए जो आपको निशब्द कर देगा! नरसिम्हा की दहाड़ आ रही है... और ये सब कुछ बदलने वाली है!

निर्देशक अश्विन कुमार ने कहा, महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स की पहली एनिमेटेड फिल्म का ट्रेलर अब रिलीज हो चुका है, और वो भी वृंदावन की पवित्र धरती पर, जहां इसे श्रद्धेय इंद्रेश जी महाराज ने लॉन्च किया. इससे शुभ शुरुआत और क्या हो सकती थी! ये हमारा सपना था कि भारत की संस्कृति और विरासत को आज के दौर की मीडिया और स्क्रीन के ज़रिए जिंदा रखा जाए और आज वो सपना सच होता दिख रहा है. महावतार नरसिम्हा का निर्देशन अश्विन कुमार ने किया है, और इसे शिल्पा धवन, कुशल देसाई, और चैतन्य देसाई ने कलीम प्रोडक्शंस के तहत प्रोड्यूस किया है. यह फिल्म 3डी और पांच भारतीय भाषाओं में 25 जुलाई 2025 को रिलीज़ होगी.



## फिल्म 'धड़क 2' का पोस्टर रिलीज

बॉलीवुड स्टार सिद्धांत चतुर्वेदी और त्रिप्ती डिमरी की आने वाली फिल्म 'धड़क 2' पोस्टर रिलीज हो गया है. फिल्म निर्माताओं ने बताया है कि धड़क 2 का ट्रेलर 11 जुलाई को रिलीज होगा. मेकर्स ने सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की नई फिल्म के पोस्टर का अनावरण भी किया है. पोस्टर पर लिखा हुआ है %मरने और लड़ने में से एक को चुनना हो तो लड़ना. इसके बाद लिखा है ट्रेलर इस शुक्रवार को आएगा. पोस्टर में फिल्म की रिलीज की तारीफ भी बताई गई है. यह फिल्म एक अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फिल्म मेकर्स ने पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है दो दिल एक धड़क.

इस फिल्म का निर्देशन शाजिया इकबाल कर रही हैं. यह फिल्म साल 2018 में आई फिल्म धड़क का रीमेक है. फिल्म को राहुल बडवेल्कर के साथ मिलकर शाजिया इकबाल ने लिखा है.









## जीमेल में नया फीचर

### प्रमोशनल ईमेल से छुटकारा, इनबॉक्स मैनेज करना हुआ आसान

करोड़ों जीमेल यूजर्स को अब इनबॉक्स फुल होने की चिंता से राहत मिलेगी. गूगल ने अपने लोकप्रिय ईमेल सेवा में एक नया %मैनेज सब्सक्रिप्शन% फीचर शुरू किया है, जिसके जरिए इनबॉक्स को प्रबंधित करना बेहद आसान हो जाएगा. इस सुविधा के रोलआउट के साथ, उपयोगकर्ता एक साथ सभी प्रमोशनल ईमेल को अनसब्सक्राइब कर सकेंगे, जिससे दैनिक आने वाले अनावश्यक ईमेल कम होंगे और स्टोरेज की समस्या भी हल होगी.

गूगल ने इस फीचर को जारी करते हुए बताया कि जीमेल का लक्ष्य हमेशा से ही अवांछित ईमेल को इनबॉक्स से दूर रखना रहा है. अब इसमें %वन-क्लिक अनसब्सक्राइब% विकल्प जोड़ा गया है, जो सभी प्रमोशनल ईमेल को एक साथ हटाने की सुविधा देगा. यह फीचर वेब, एंड्रॉइड और आईओएस यूजर्स के लिए एक साथ उपलब्ध कराया गया है.

**कैसे काम करेगा यह फीचर?**

जीमेल का यह %मैनेज सब्सक्रिप्शन% विकल्प साइड मेन्यू में %ट्रैश% (कचरा) विकल्प के ठीक नीचे दिखाई देगा. यह सुविधा उपयोगकर्ताओं को सभी सक्रिय सब्सक्रिप्शन, न्यूज़लेटर और प्रमोशनल मैसेज या डील अलर्ट्स को बेहतर ढंग से व्यवस्थित करने का विकल्प देगी. इसके अतिरिक्त, यह फीचर यह भी हाइलाइट करेगा कि हाल के सप्ताह में किस सेंडर ने कितने प्रमोशनल ईमेल भेजे हैं.

यह विकल्प उपयोगकर्ताओं को यह चुनने में मदद करेगा कि किस प्रमोशनल सब्सक्रिप्शन को अनसब्सक्राइब करना है. इसमें हर लिस्टिंग में एक अनसब्सक्राइब बटन मिलेगा, जिस पर टैप करते ही प्रमोशनल ईमेल भेजने वाले सेंडर को अनसब्सक्राइब किया जाएगा.

अनसब्सक्राइब पर क्लिक करते ही गूगल सेंडर को सूचित करेगा कि प्रमोशनल सब्सक्रिप्शन को रद्द कर दिया गया है, जिसके बाद वे सेंडर आपको प्रमोशनल ईमेल नहीं भेज पाएंगे.

## वनप्लस पैड लाइट चुनिंदा वैश्विक बाजारों में लॉन्च

### कीमत और स्पेसिफिकेशन्स जारी

वनप्लस पैड लाइट मंगलवार को चुनिंदा वैश्विक बाजारों में लॉन्च कर दिया गया है. यह टैबलेट 11-इंच की एलसीडी स्क्रीन, डुअल टीयूवी रीनलैंड सर्टिफिकेशन और 9,340 एमएएच की बैटरी के साथ आता है, जो 33 वॉट वायर्ड फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है. टैबलेट मीडियाटेक हीलियो जी100 प्रोसेसर और 8 जीबी तक रैम से लैस है. इसमें हाई-रेस ऑडियो सर्टिफाइड क्वाड-स्पीकर सिस्टम है और यह वाई-फाई व एलटीई कनेक्टिविटी को सपोर्ट करता है. भारत में इस टैबलेट के लॉन्च की पुष्टि अभी नहीं हुई है.




**कीमत और उपलब्धता-** वनप्लस पैड लाइट यूके और अन्य यूरोपीय बाजारों में प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध है. इसके 6 जीबी+128 जीबी वाई-फाई-ओनली वेरिएंट की प्री-ऑर्डर कीमत 169 जीबीपी (लगभग रु. 19,700) है. वहीं, 8 जीबी+128 जीबी एलटीई-सपोर्टेड मॉडल 199 जीबीपी (लगभग रु. 23,200) में प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध है. टैबलेट ऐरो ब्लू कलर में आता है. इसकी आधिकारिक बिक्री की तारीख अभी घोषित नहीं की गई है.

**स्पेसिफिकेशन्स और फीचर्स-** वनप्लस पैड लाइट में 11-इंच एचडी+ (1,920×1,200 पिक्सल) 10-बिट एलसीडी स्क्रीन है, जिसमें 90 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट, 180 हर्ट्ज टच सैंपलिंग रेट, 16ः10 आस्पेक्ट रेशियो, 500 निट्स ब्राइटनेस और 85.3त्न स्क्रीन-टू-बॉडी रेशियो है. डिस्प्ले को टीयूवी रीनलैंड का फ्लिकर-फ्री और लो ब्लू लाइट सर्टिफिकेशन मिला है. टैबलेट मीडियाटेक हीलियो जी100 प्रोसेसर, 8 जीबी तक रैम और 128 जीबी ऑनबोर्ड स्टोरेज के साथ आता है. यह एंड्रॉइड 15-आधारित ऑक्सीजन ओएस 15.0.1 पर चलता है.

कैमरा डिपार्टमेंट में, वनप्लस पैड लाइट में 5-मेगापिक्सल का रियर सेंसर और 5-मेगापिक्सल का फ्रंट सेंसर है. टैबलेट में क्वाड स्पीकर्स हैं, जो हाई-रेस ऑडियो सर्टिफाइड हैं. यह ब्लूटूथ 5.2 कनेक्टिविटी और एसबीसी, एएसी, एपीटीएक्स, एपीटीएक्स एचडी, और एलडीएसी ऑडियो कोडेक को सपोर्ट करता है. अन्य कनेक्टिविटी विकल्पों में वाई-फाई, एलटीई और यूएसबी टाइप-सी पोर्ट शामिल हैं. टैबलेट में 9,340 एमएएच की बैटरी है, जो 33 वॉट सुपरवूओसी चार्जिंग को सपोर्ट करती है. सुरक्षा के लिए इसमें फेशियल रिकॉग्निशन फीचर है. इसका आकार 166.46× 254.91×7.39 मिमी और वजन

## जैक डोर्सी ने लॉन्च किया इंटरनेट-मुक्त मैसेजिंग ऐप बिटचैट




### वाट्सऐप को मिल सकती है चुनौती

ट्विटर (अब एक्स) के सह-संस्थापक जैक डोर्सी ने एक नया मैसेजिंग ऐप बिटचैट लॉन्च किया है, जिसे इस्तेमाल करने के लिए न तो इंटरनेट की और न ही सिम कार्ड की आवश्यकता होती है. यह ऐप वाट्सऐप की तरह ही एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन फीचर के साथ आता है, जिसका उद्देश्य संचार को अधिक निजी और सुरक्षित बनाना है. इस नई पहल से दुनिया के सबसे लोकप्रिय इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप वाट्सऐप को भविष्य में कड़ी चुनौती मिल सकती है.

**बिटचैट की खासियतें-** डोर्सी ने बिटचैट को एक ऑफलाइन चैटिंग ऐप के तौर पर पेश किया है, जो केवल ब्लूटूथ कनेक्शन के माध्यम से काम करता है.

यह ब्लूटूथ मेश नेटवर्क का उपयोग करके उपयोगकर्ताओं को सीधे एक-दूसरे को एन्क्रिप्टेड संदेश भेजने की सुविधा देता है. ऐप में अस्थायी संदेश भेजने और चैटिंग के लिए पासवर्ड-संरक्षित ग्रुप चैट रूम बनाने जैसे फीचर्स भी मिलते हैं.



## गर्मी में एसी से बिजली बचाने के आसान तरीके

भारत में भाप से भरी गर्मी के साथ एयर कंडीशनर (एसी) अब एक आवश्यकता बन गई है, लेकिन इनके लगातार उपयोग से बिजली बिल में भारी वृद्धि हो सकती है. हालाँकि, कुछ आसान और प्रभावशाली इकॉनमी को अपनाकर आप बिजली की बचत कर सकते हैं और अपने घर को ठंडा रख सकते हैं.

**बिजली खराब होने के प्रमुख उपाय-** एसी को 24-26 डिग्री से. पर सेट करेंः यह सबसे अधिक ऊर्जा-कुशल तापमान सेटिंग है. ब्यूरो ऑफ एनर्जी फिशियंसी (बीईई) एसी को 24 डिग्री से. पर सेट करने की सलाह देता है. यह आरामदायक और बिजली के घटकों के बीच संतुलन बनाता है, क्योंकि हर 1एष्ट तापमान वृद्धि से 6 प्र.श. तक ऊर्जा की बचत हो सकती है.

**एनर्जी-कुशल एसी चुनें-** यदि आप नया एसी खरीद रहे हैं, तो 5-स्टार स्केल मॉडल या इन्वर्टर एसी को प्राथमिकता दें. इन्वर्टर एसी कमरे के तापमान के अनुसार अपनी गति को कम करते हैं, जो समय के साथ पारंपरिक एसी की तुलना में कम बिजली का उपयोग करते हैं.

**सही इंसुलेशन रेटिंग-** एसी रेज़ॉलूशन दरवाज़े और बंद दरवाजे. सीधे धूप को रोकने के लिए स्पेक्ट्रम या ब्लाइंड्स का उपयोग करें. इंसुल टेड रूम अर्ली कोल्ड होते हैं और अन्वेषक हवा को लंबे समय तक बनाए रखा जाता है, जिससे एसी पर लोड कम होता है.

**नियमित देखभाल करें-** हर महीने एसी के फिल्टर साफ करवाएं और गर्मियों से पहले कम से कम एक बार एसी की सेवा जरूर करवाएं. इलेक्ट्रोडर्स या कॉइल्स यूनिट को अधिक मेहनत करने के लिए मजबूर किया जाता है, जिससे अधिक बिजली खर्च होती है.